वाक्यसंसार

# वाक्य : 2

# रचना के अनुसार







HLP Project S&T Mission Mode Government Of India
Department of Speech-Language Pathology
AYJNIHH, Bandra MUMBAI 400 050.

# ACKNOWLEDGMENT

A systematic training material easily accessible to teachers and parents of the language disordered children, a cherished distant dream has become a reality. Thanks to Science and Technology Mission Mode, Govt. of India for helping us realize this, by providing financial assistance. Their regular review and suggestions enabled us critically evaluate the material.

We are indebted to Shri Rangasayee, Director, A.Y.J.N.I.H.H. for motivating us to take up this comprehensive project and providing continuous support and guidance at every stage of the project.

Such extensive material needed critical evaluation for which we are grateful to Dr. Vijayalakshmi Basavraj, Dy. Director (Tech.), A.Y.J.N.I.H.H. who gave invaluable suggestions and support.

We highly appreciate and thank Dr. Geetha Mukundan, Reader & Head, Department of Speech-Language Pathology, A.Y.J.N.I.H.H. for providing departmental facilities and steady support throughout the project. Our special thanks to Mrs. Varsha Gathoo, Reader and Head, Department of Education, A.Y.J.N.I.H.H., for the feedback and suggestions which helped us to improve upon our earlier drafts.

We thank Dr. Sureshkumar, Ex-Director of Kendriya Hindi Sansthan, Agra and Dr. Medha Karbhari - Adhyaru for their guidance in finalizing the list of vocabulary of the books.

We appreciate the co-operative and unconditional support provided by the respective Principals and Teachers of the following Special Schools for The Hearing Impaired in Delhi and Mumbai, who in spite of their busy schedule dedicated their valuable time for field testing the material without which the material would not have taken this shape.

Asha Special School, New Delhi, Association of Welfare of Handicap, Faridabad, New Delhi, Awaz Special School for Deaf, New Delhi, Koshish School for Deaf, Malad, Mumbai, M.P.K. Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Harayana, Pragati School for Deaf, Dadar, Mumbai, Premalabai Chavan School for Deaf, New Delhi, Rochiram Thandhani School for Hearing Handicapped, Chembur, Mumbai, Shivaji Park School for the Deaf, Mahim, Mumbai, Shruti School for Deaf, Juhu, Mumbai, Utkarsha School for the Deaf, Vile Parle, Mumbai, Welfare Center for Impaired, Sonepat, New Delhi, Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Gurgaon, New Delhi.

The parents of children with hearing impairment provided us with positive feedback on this material and stressed the utility and need for such material. We are highly indebted to them. A heart felt thanks to them.

Development of the books would have been incomplete without the support of the proofreaders. We take this opportunity to thank Mrs. Namrata Pawar, Hindi Section, A.Y.J.N.I.H.H. and Mr. Chandravir Bansidhar Yadav for proof reading the material.

We acknowledge Prof. J.C. Sharma for helping us with statistical analysis.

We are grateful to Mrs. Meenal Umrao and Mrs. Nayna Shinde for their umatched consistent and robust hardwork and sometimes working during odd hours to catch up with the project work.

The prompt support always provided by Mr. Nitin Warekar, Hardware Engineer, Establishment, Accounts and Hindi Section is greatly valued.

Usha Dalvi
Principal Investigator

Sadhana Relekar
Co Investigator

# PROJECT DETAILS

*Funded by* : *S & T mission mode, Government of India.*

*Conducted by* : *Department of Speech-Language Pathology, Ali Yavar Jung National Institute for the Hearing Handicapped, Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India, Bandra,, Mumbai - 50.*

*Project Group:*

- *Principal Investigator* : *Mrs. Usha Dalvi (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)*
- *Co-Investigator* : *Ms. Sadhana Relekar (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)*

*Research Team:*

- *Linguist* : *Dr. Rita Mathur*
- *Special Educator* : *Mrs. Bindiya Kamble*
- *Special Educator* : *Mrs. Sneha Tambe*

*Illustrations:*

- *Commercial Artist* : *Ms. Leena Teli*, *Ms. Varuna Naik*

*Layout and Visualization* : *Sun Graphics*

*Copy right:*

*All rights reserved. No part of this book may be reproduced stored in retrieval system, or transmitted in any means, electronic mechanical, photocopying, recorded or otherwise, without written permission of.................................*

## दो शब्द शिक्षकों एवम् अभिभावकों से

श्रवण बाधित बच्चों में भाषा ज्ञान के संवर्धन और परिवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं। परंतु इन प्रयासों की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है जो इस समस्या के प्रति जागरुक हैं। यह भी देखने में आया है कि श्रवण बाधित बच्चों में बोलने की क्षमता व भाषिक विकास के लिए आवश्यक सामग्री का भी अभाव है। ये बच्चे संपूर्ण रूप से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सामान्य होते हैं, केवल श्रवण विकलांगता के कारण भाषिक ज्ञान से वंचित रह जाते हैं। इस कमी को पूरा करने के लिये ही यह पुस्तक मालिका प्रस्तुत की जा रही है। इस पुस्तक मालिका में क्रमिक रूप से भाषा के जटिल रूपों को सरल चित्रों व सरल लेखन के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। यह पुस्तक मालिका तीन वर्गों में विभाजित है। प्रथम - वर्ण संसार, द्वितीय - शब्द संसार तथा तृतीय - वाक्य संसार। जैसा कि नाम से विदित है, यह पुस्तकमालिका क्रमशः वर्णमाला, शब्द संरचना और वाक्य विन्यास का ज्ञान कराती है। भाषा का ज्ञान कराने वाली पुस्तकें बहुत सी हैं जो हिंदी की सभी व्याकरणिक कोटियों का ज्ञान कराती हैं, किंतु सभी पुस्तकें पाठ्यक्रम के अनुसार निर्मित हैं और सामान्य विद्यार्थी के लिए लाभप्रद भी है, पर ये श्रवण बाधित बच्चे अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के कारण उन पुस्तकों का लाभ नहीं उठा पाते। श्रवण विकलांगता के कारण वे प्रायः भाषा सीखने और उसके बहुत से प्रयोगों, उदाहरण स्वरूप भाषा के अलंकारिक प्रयोग से अनभिज्ञ रह जाते हैं। अतः इन बच्चों की शब्द आधारित भाषा सीखने की असमर्थता को ध्यान में रखते हुए ही इस पुस्तक मालिका की रचना की गई है।

'वर्ण संसार' की पुस्तिकाएँ वर्णों के आकार और रूप का ज्ञान कराती हैं। 'शब्द संसार' की पुस्तिकाएँ शब्दों के विभिन्न प्रयोगों और उनके व्यापक अर्थ का परिवर्धन कराती हैं तथा 'वाक्य संसार' की पुस्तिकाएँ विभिन्न वाक्यों की संरचना एवं हिंदी व्याकरण की जटिलताओं को सरल रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास करती हैं। इस पुस्तक मालिका से दो वर्ष से आठ वर्ष के आयु वर्ग के श्रवण बाधित बच्चों में भाषा विकास संपूर्ण रूपसे हो जाएगा, यह समझना सही नहीं होगा। परंतु इस पुस्तक मालिका का प्रयोग इन बच्चों के अध्यापकों, अभिभावकों एवं अन्य वे सभी जो भाषा अल्पता एवं शुद्धता की समस्या को सुलझाना चाहते हैं, उनका पथ एवं दिशा निश्चित करने में सहायक होगी। साथ ही यह पुस्तकमालिका सभी बच्चों में भाषा अर्जन, बोलना, वाचन और लेखन क्षमताओं का विकास करने में भी सहायक सिद्ध होगी। कृपया इस विषय में अपने अनुभव हमें अवश्य बताएँ। इस पुस्तक मालिका को सहायक सामग्री के रूप में और अधिक परिवर्धित एवं उपयोगी करने की दिशा में आपके सुझाव आमंत्रित हैं।

धन्यवाद ...

## वाक्य संसार

वाक्य संसार की पुस्तिकाएँ हिंदी भाषा के व्याकरण का सम्यक ज्ञान कराने का प्रयास करती हैं। व्याकरणिक कोटियों की जटिलता को सरल से सरल रुप में प्रस्तुत किया गया है। कर्ता, कर्म, अन्वय तथा अन्य जटिल परिभाषाओं को सरल उदाहरणों के माध्यम से सिखाने का प्रयास किया गया है। क्योंकि व्याकरण समझकर उसका सही प्रयोग करने में आम बच्चों से श्रवणबाधित बच्चों को अधिक कठिनाई होती है।

**वाक्य संसार:**

1) वाक्य - 1: वाक्य के अवयव
   - 1.1 परिभाषा
   - 1.2 अवयव अथवा खंड
   - 1.3 अन्वय

2) वाक्य- 2 : रचना के अनुसार वाक्य के प्रकार
   - 2.1 साधारण वाक्य
   - 2.2 मिश्रित वाक्य
   - 2.3 संयुक्त वाक्य

3) वाक्य - 3 : अर्थ के अनुसार वाक्य के प्रकार
   - 3.1 विधानार्थक या विधानवाचक
   - 3.2 प्रश्नार्थक
   - 3.3 निषेधार्थक
   - 3.4 आज्ञार्थक
   - 3.5 इच्छार्थक
   - 3.6 संदेहार्थक
   - 3.7 संकेतार्थक
   - 3.8 विस्मयात्मक

4) वाक्य - 4 : वाच्य के अनुसार वाक्य के प्रकार
   - 4.1 कर्तृवाच्य
   - 4.2 कर्मवाच्य
   - 4.3 भाववाच्य

# वाक्य-2

## रचना के अनुसार

### पाठ्यसूची


| क्रमांक | पाठ | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | साधारण वाक्य | 2 |
| 2 | मिश्रित वाक्य | 9 |
| 2.1 | वाक्य परिवर्तन - 1<br>(सरल वाक्य से मिश्रित वाक्य बनाना) | 16 |
| 2.2 | वाक्य परिवर्तन - 2<br>(मिश्रित वाक्य से सरल वाक्य बनाना) | 23 |
| 3 | संयुक्त वाक्य | 32 |
| 3.1 | वाक्य परिवर्तन - 3<br>(सरल वाक्य से संयुक्त वाक्य बनाना) | 35 |
| 3.2 | वाक्य परिवर्तन - 4<br>(संयुक्त वाक्य से सरल वाक्य बनाना) | 38 |
| 3.3 | वाक्य परिवर्तन - 5<br>(संयुक्त वाक्य से मिश्रित वाक्य बनाना) | 41 |
| 3.4 | वाक्य परिवर्तन - 6<br>(मिश्रित वाक्य से संयुक्त वाक्य बनाना) | 44 |
| | पुनरावलोकन | 50 |

## वाक्य के प्रकार

## रचना के अनुसार

इससे पहले "वाक्य-1" की पुस्तिका में हमने वाक्य के अवयव क्या होते हैं यह देखा और समझा। हमारे विचार अथवा भावना हम एक ही प्रकार के वाक्यों से व्यक्त नहीं कर पाते। इसलिए हमें अलग अलग प्रकार के वाक्यों की जरुरत होती है। इस पुस्तिका में हम वाक्य के अलग-अलग प्रकार की वाक्य रचना सीखेंगे। रचना या स्वरुप के अनुसार वाक्य के तीन प्रकार होते हैं।

वे तीन प्रकार निम्नलिखित दिए गए हैं:

1) **साधारण या सरल वाक्य**

2) **मिश्रित वाक्य**

3) **संयुक्त वाक्य**

साधारण वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय होते हैं।

मिश्रित वाक्य में एक अथवा दो साधारण वाक्य जुड़े होते हैं। एक प्रधान वाक्य और एक अंग वाक्य होता है।


संयुक्त वाक्य - इन वाक्यों में दो अथवा अधिक साधारण या मिश्रित वाक्य होते हैं।

## पाठ 1

# साधारण वाक्य


साधारण वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय होता है। साधारण वाक्य छोटा होता है मगर उद्देश्य और उद्देश्य का विस्तार और विधेय, विधेय का विस्तार होने के कारण से बड़ा भी हो सकता है।

**जैसे**-1) लड़का चलता है।




लड़का चलता है - इस वाक्य में लड़का-**कर्ता** अर्थात **उद्देश्य** और चलता है - **क्रिया** अर्थात **विधेय** है। यह छोटा साधारण वाक्य है। इस वाक्य में उद्देश्य का विस्तार, विधेय का विस्तार नहीं है।

2) छोटी सफेद बिल्ली चुपके से दूध पीती है।



छोटी सफेद बिल्ली → कर्ता का विस्तार + कर्ता → उद्देश्य का विस्तार + उद्देश्य

चुपके से दूध → कर्म

पीती है। → क्रिया

कर्म + क्रिया → विधेय का विस्तार + विधेय

छोटी सफेद बिल्ली चुपके से दूध पीती है। इस वाक्य में बिल्ली **उद्देश्य** और चुपके से दूध पीती है

**विधेय** है जहाँ बिल्ली-कर्ता है, दूध-कर्म और पीती है- क्रिया है।

वाक्य में आये कर्ता और कर्ता से जुड़े विशेषण **उद्देश्य** है, जब कि कर्म और कर्म से जुड़े विशेषण तथा क्रिया और क्रियाविशेषण **विधेय** होता हैं।

ऊपर दिए दोनों वाक्य साधारण है, लेकिन वाक्य (1) लड़का चलता है, **अकर्मक** क्रिया का वाक्य है।

जब कि छोटी सफेद बिल्ली चुपके से दूध पीती है यह दूसरा वाक्य **सकर्मक** क्रिया का वाक्य है। दोनो वाक्य में **एक ही क्रिया** है, **एक उद्देश्य** और **एक विधेय** है और इसी वजह से ये वाक्य साधारण यानि सरल वाक्य है।

* **ऐसे और साधारण वाक्य पढ़िए और समझिए।**

1) कल राजू दौड़ते-दौड़ते गिर गया।

**उद्देश्य-** राजू
**विधेय-** कल दौड़ते दौड़ते गिर गया।

2) कल रात मैंने एक सपना देखा।

**उद्देश्य**- मैंने
**विधेय**- कल रात एक सपना देखा।

3) चार घोड़े दौड़ रहे थे ।

**उद्देश्य**- चार घोड़े
**विगेय**- दौड़ रहे थे।

4) आदमी पेड़ पर चढ़ेगा।

**उद्देश्य**- आदमी
**विधेय**- पेड़ पर चढ़ेगा।

5) मीना की दादी माँ सो रही है।

**उद्देश्य**- मीना की दादी माँ
**विधेय**- सो रही है।

6) दो शरारती बंदर ऊँचे पेड़ पर उछल-कूद कर रहे थे।

**उद्देश्य**- दो शरारती बंदर
**विधेय**- ऊँचे पेड़ पर उछल-कूद कर रहे थे।

7) नवरात्रि में लोग देवी की पूजा करते है।

**उद्देश्य**- लोग
**विधेय**- नवरात्रि में देवी की पूजा करते है।

**गतिविधियाँ :**

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से कर्ता, कर्म, क्रिया पहचानिए।**

जैसे :राहुल ने सेब खाया।

<u>कर्ता</u> - राहुल
<u>कर्म</u> - सेब
<u>क्रिया</u> - खाया

1) नौकर दूध लाता है।

कर्ता : __________
कर्म : __________
क्रिया : __________

2) राम मीठा आम खाता है।

कर्ता : __________
कर्म : __________
क्रिया : __________

3) धोबी कपड़े धोता है।

कर्ता : __________
कर्म : __________
क्रिया : __________

4) बच्चे स्कूल में पढते हैं।

कर्ता : __________
कर्म : __________
क्रिया : __________

5) रामू मोची ने जूता सिया।

कर्ता : ___________
कर्म : ___________
क्रिया : ___________

6) आज चाची रोटियाँ बना रही है।

कर्ता : ___________
कर्म : ___________
क्रिया : ___________

7) रात को बिल्ली ने चूहा पकड़ा।

कर्ता : ___________
कर्म : ___________
क्रिया : ___________

8) हम को दादी कहानी सुनायेगी।

कर्ता : ___________
कर्म : ___________
क्रिया : ___________

9) आज गुरुजी ने कविता पढ़ायी।

कर्ता : ___________
कर्म : ___________
क्रिया : ___________

10) चिड़िया घोंसला बनाती है।

कर्ता : ___________
कर्म : ___________
क्रिया : ___________

II) **निम्नलिखित वाक्यों में से उद्देश्य और विधेय पहचानिए।**

जैसे : आज गोपी घर जल्दी लौट गया।
उद्देश्य : गोपी
विधेय : आज घर जल्दी लौट गया ।

1) घर के बाहर लीला खेल रही है।

उद्देश्य : ______________

विधेय : ______________

2) सुबह जल्दी उठकर मेहनती किसान हल चलाता है।

उद्देश्य : ______________

विधेय : ______________

3) पिताजी दफ्तर गए।

उद्देश्य : ______________

विधेय : ______________

4) आखिर पुलिस ने चोर को पकड़ ही लिया।

उद्देश्य : ______________

विधेय : ______________

5) लंबे बालोंवाली लड़की साइकिल तेजी से चला रही थी।

उद्देश्य : ______________

विधेय: ______________

6) आजकल सुरेश सब्जी-फल खरीदने बाजार जाता है।

उद्देश्य : ____________________

विधेय : ____________________

7) एक पेड़ पर चार-पाँच बंदर यहाँ से वहाँ उछल रहे थे।

उद्देश्य : ____________________

विधेय : ____________________

8) हमारी कपिला गाय रोज पाँच-छ लीटर दूध देती है।

उद्देश्य : ____________________

विधेय : ____________________

9) बारिश आने पर जंगल में सुंदर मोर नाचने लगे।

उद्देश्य : ____________________

विधेय : ____________________

10) सुबह-सुबह सबको नींद से जगाने के लिए मुर्गा बाँग देता है ।

उद्देश्य : ____________________

विधेय : ____________________

**********************

पाठ 2

## मिश्रित वाक्य

मिश्रित वाक्य में एक **प्रधान वाक्य** और एक **आश्रित वाक्य** होता है । **प्रधान वाक्य** में **एक उद्देश्य** और **एक विधेय** होता है। **आश्रितवाक्य** मे भीं **एक उद्देश्य** और **एक विधेय** होता है। मिश्रित वाक्यों में **एक से ज्यादा साधारण वाक्य जुड़े होते हैं**- जिसमें एक वाक्य मुख्य और दूसरा वाक्य उस पर निर्भर होता है । आश्रित वाक्य स्वतंत्र रूप से वाक्य का अर्थ स्पष्ट नहीं कर पाता जब तक उसके साथ प्रधान वाक्य जोड़ा नहीं जाता। मिश्रित वाक्य में प्रधान वाक्य मुख्य उद्देश्य और मुख्य विधेय से बनता है। प्रधान वाक्य से वाक्य का मुख्य हेतु क्या है यह पता चलता है।




जैसे: लडके ने कहा कि (प्रधान वाक्य) मैं जाता हूँ। (आश्रित वाक्य) = **मिश्रित वाक्य**

लडके ने कहा कि इस प्रधान वाक्य में लडके ने - **कर्ता** और कहा - **क्रिया** है जब कि "मैं जाता हूँ" इस आश्रित वाक्य में मैं- **कर्ता**, जाता हूँ- **क्रिया** है।

| लड़के ने **कर्ता** | कहा कि **क्रिया** | मैं **कर्ता** | जाता हूँ। **क्रिया** |
|---|---|---|---|
| ⇓ | ⇓ | ⇓ | ⇓ |
| उद्देश्य | विधेय | उद्देश्य | विधेय |

इस वाक्य में **लड़के ने कहा कि** यह प्रधान वाक्य (मुख्य वाक्य) है। **मैं जाता हूँ** यह वाक्य आश्रित वाक्य है। **मिश्रित वाक्य में दो उद्देश्य और दो विधेय होते** हैं।

प्रधान वाक्य में लड़का कुछ कह रहा है और वह जो कहता है वह आश्रित वाक्य है। प्रधान वाक्य के सिवाय आश्रित वाक्य का अर्थ समझ में नहीं आता। प्रधान वाक्य "लड़के ने कहा" इस वाक्य में पता चलता है कि लड़के ने कुछ कहा है। "मैं जाता हूँ" यह आश्रित वाक्य है। जो 'कहा' इस प्रधान वाक्य के क्रिया को पूर्ण (वाक्यों) में करता है।

**मिश्रित वाक्यों में**

- **'कि',**
- **'जहाँ - वहाँ',**
- **'जिसे-उसे',**
- **'जिसने-उसने',**
- **'वह',**
- **'जो-उसमें',**
- **'जो-उनका',**
- **'जिन-उन्हें',**
- **'जो',**
- **'जो-वे',**
- **'जैसे',**
- **'जैसा-वैसा'**

**आदि शब्दों का प्रयोग होता हैं।**

*** कुछ और मिश्रित वाक्य पढ़िए और समझिए।**

1) तुम जानते थे, **यह** हरकत राम ने ही की है।

**प्रधान वाक्य-** तुम जानते थे,

**आश्रित वाक्य- यह** हरकत राम ने ही की है।

2) **जिस** क्रिकेटर को पुरस्कार मिला , **वह** सचिन तेंडुलकर है।

**प्रधान वाक्य- जिस** क्रिकेटर को पुरस्कार मिला।

**आश्रित वाक्य- वह** सचिन तेंडुलकर है।

3) **जहाँ** छोटे छोटे घर थे, **वहाँ** अब उँची उँची इमारते हैं।

**प्रधान वाक्य- जहाँ** छोटे छोटे घर थे,

**आश्रित वाक्य- वहाँ** अब उँची उँची इमारते हैं।

4) **जहाँ** चोट लगी है, **वहाँ** मरहम लगाओ।

**प्रधान वाक्य- जहाँ** चोट लगी है,

**आश्रित वाक्य- वहाँ** मरहम लगाओ।

5) मुझे पुरस्कार मिला है, **ऐसा** मैंने सपना देखा।

**प्रधान वाक्य- ऐसा** मैंने सपना देखा।

**आश्रित वाक्य-** मुझे पुरस्कार मिला है ,

6) टीचर ने बताया **कि** खेल के साथ-साथ पढ़ाई का महत्त्व ध्यान में रखो।

**प्रधान वाक्य-** टीचर ने बताया

**आश्रित वाक्य- कि** खेल के साथ-साथ पढ़ाई का महत्त्व ध्यान में रखो।

7) सम्राट अशोक, **जो** बाद में सब कुछ छोड़कर शांति की खोज में चले गए।

**प्रधान वाक्य-** सम्राट अशोक, शांति की खोज में गए।

**आश्रित वाक्य- जो** बाद में सब कुछ छोड़कर चले गए।

**गतिविधियाँ:**

**I) निम्नलिखित वाक्यों मे से प्रधान वाक्य और आश्रित वाक्य पहचानकर लिखिए।**

जैसे- जो रो रही है, वह गीता है।

**प्रधान वाक्य :** जो रो रही है

**आश्रित वाक्य :** वह गीता है।

1) जब सबेरा होता है, तब पंछी आसमान में उड़ते है।

**प्रधान वाक्य :** ______________________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________________

2) जो रास्ता दायीं तरफ जाता है, वह बहुत लंबा है।

**प्रधान वाक्य :** ______________________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________________

3) माँ घर पर नहीं है, यह मुझे पता नहीं था।

**प्रधान वाक्य :** ______________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________

4) राम ने खोज निकाला कि राजू चोर है।

**प्रधान वाक्य :** ______________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________

5) टीचर ने देखा कि सारे बच्चे इधर उधर भाग रहे हैं।

**प्रधान वाक्य :** ______________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________

6) जहाँ माँ जाती है वहाँ बच्चा जाता है।

**प्रधान वाक्य :** ______________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________

7) जिसे रवि ने देखा क्या वह पार्वती दीदी थी?

**प्रधान वाक्य :** ______________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________

8) राहुल ने जो देखा, क्या वह सच था?

**प्रधान वाक्य :** ______________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________

9) वही मनुष्य सफल होता है, जो मेहनत करता है।

**प्रधान वाक्य :** ______________________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________________

10) चाचा बीमार थे, यह रीना को पता था।

**प्रधान वाक्य :** ______________________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________________

11) जब घंटी बजेगी तब खिलाड़ी दौडेंगे।

**प्रधान वाक्य :** ______________________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________________

12) जो अभ्यास करता है वह सफल होता है।

**प्रधान वाक्य :** ______________________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________________

13) राम जो अयोध्या का राजा था उसने रावण का वध किया।

**प्रधान वाक्य :** ______________________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________________

14) सुदामा जो कृष्ण के दोस्त थे बहुत गरीब थे।

**प्रधान वाक्य :** ______________________________

**आश्रित वाक्य :** ______________________________

**II) निम्नलिखित वाक्य साधारण वाक्य है अथवा मिश्रित वाक्य है यह पहचानिए और वाक्य का प्रकार लिखिए।**

जैसे - मैं सो रहा हूँ। साधारण वाक्य

जो सोयी है वह मेरी बहन है। मिश्रित वाक्य

1) जब बारिश होती है तब हम रेनकोट पहनते हैं। ________________

2) माँ तुम्हें बुला रही है। ________________

3) यह कौन है? ________________

4) जिसने जीतू को मारा वह भाग गया। ________________

5) राम जिस बंगले में रहता है वह मेरा है। ________________

6) आज छुट्टी का दिन है। ________________

7) जब परीक्षा खत्म होगी तब हम नैनिताल जाएंगे। ________________

8) ऊँची सफेद चोटी वाला हिमालय बहुत सुंदर दिखता है। ________________

9) जालियन वाला बाग में हजारो बेगुनाह लोगों की ब्रिटिश सेना ने हत्या की। ________________

10) जिसको भारतरत्न पुरस्कार मिला वह मेरा भाई है। ________________

## 2.1 वाक्य परिवर्तन -1

**1) सरल वाक्य से मिश्रित वाक्य बनाना।**

जैसे की हम ने पढ़ा सरल या साधारण वाक्य में ही एक उद्देश्य और एक विधेय होता है। मिश्रित वाक्य में एक प्रधान वाक्य एवं एक आश्रित वाक्य होता है। इन प्रत्येक वाक्य में एक उद्देश्य तथा एक विधेय होता है।

**सरल / साधारण वाक्य को मिश्रित वाक्य में परिवर्तित करने के लिए :**

**ध्यान रखें -**

- पहले तो साधारण वाक्य से दो वाक्य बनाइए।
- फिर उन दो वाक्यों को **जो, जब, यदि, जैसे, कि, जिसने, जिसका, जिसको-उसे, वह, जब-तब ....** आदि शब्दों से जोड़िए , और अर्थ को बदले बिना सही मिश्रित वाक्य बनाइए।

जैसे : रामू को तार मिलते ही वह मुंबई चला गया।

इस वाक्य को हम निम्नलिखित दो वाक्यों में बाँट सकते हैं।

1) रामू को तार मिला।

2) वह मुंबई चला गया।

अब इन दो वाक्यों से हम जब-तब अथवा जैसे ही यह जोड़कर बिना अर्थ बदले एक मिश्रित वाक्य बना सकते हैं।

जब रामू को तार मिला तब वह मुंबई चला गया। अथवा जैसे ही रामू को तार मिला वह मुंबई चला गया।

जैसे:

| नं. | साधारण वाक्य | दो वाक्य बनाओ | मिश्रित वाक्य |
|---|---|---|---|
| 1. | मीना ने ताजी सब्जियाँ खरीदी। | मीना ने सब्जियाँ खरीदी। सब्जियाँ ताजी थी। | मीना ने **जो** सब्जियाँ खरीदी **वह** ताजी थी। |
| 2. | सूरज उगते ही पंछी उड़ने लगते हैं। | सूरज उगता है। पंछी उड़ने लगते हैं। | **जैसे ही** सूरज उगता है, पंछी उड़ने लगते हैं। |
| 3. | मुझे भूख लगने पर मैंने खाना खाया। | मुझे भूख लगी। मैंने खाना खाया। | **जब** मुझे भूख लगी, **तब** मैंने खाना खाया। |
| 4. | तुम 5 बजे आ जाओ नहीं तो मैं चली जाऊँगी। | तुम 5 बजे आ जाओ नहीं तो मैं चली जाऊँगी। | **यदि** तुम 5 बजे नहीं आयें **तो** मैं चली जाऊँगी। |
| 5. | चतुर बिरबल से अकबर बादशाह हमेंशा सलाह लेते थे। | बिरबल चतुर थे। अकबर बादशाह उनसे हमेंशा सलाह लेते थे। | बिरबल **जो** चतुर थे। उनकी सलाह अकबर बादशाह लेते थे। |

## गतिविधियाँ:

**I) निम्नलिखित साधारण वाक्य से दो वाक्य बनाइए।**

जैसे - गिरिश एक नटखट बच्चा है।

1) गिरिश एक बच्चा है।

2) वह नटखट है।

1) यह सुंदर बगीचा राम का है।

______________________________

______________________________

2) एवरेस्ट हिमालय का सबसे ऊँचा पहाड़ है।

______________________________

______________________________

3) पाँच बजते ही दादाजी घूमने जाते हैं।

______________________________

______________________________

4) चतुर अनु ने सबका मन जीत लिया।

______________________________

______________________________

5) मुझे खाँसी होने पर मैं डाक्टर के पास गयी।

______________________________

______________________________

**II) निम्मलिखित तालिका पूरी कीजिए।**

जैसे: लाल कमीज रमेश की है।

**साधारण वाक्य :** लाल कमीज रमेश की है।

**दो वाक्य :**कमीज लाल है। वह रमेश की है।

**मिश्रित वाक्य :** जो कमीज लाल है, वह रमेश की है।

1. लाल किला लाल पत्थरों से बनाया है।

**साधारण वाक्य :** ------------------------------------

**दो वाक्य :** -------------------- ------------------

**मिश्रित वाक्य :** ------------------------------------

2. शिवाजी महाराज बहादूर और चतुर राजा थे।

**साधारण वाक्य :** ------------------------------------

**दो वाक्य :** -------------------- ------------------

**मिश्रित वाक्य :**------------------------------------

3. बुढ़िया लकड़ियाँ लेने जंगल में गई।

**साधारण वाक्य :** ------------------------------------

**दो वाक्य :** -------------------- ------------------

**मिश्रित वाक्य :**------------------------------------

4. सुबह होते ही सब उठ कर अपने काम पर लग जाते हैं।

**साधारण वाक्य :** ----------------------------------------------

**दो वाक्य :** ------------------------ ------------------------

**मिश्रित वाक्य :**-----------------------------------------------

5. औरत घर का सारा काम देखते हुए बच्चों को सँभालती हैं।

**साधारण वाक्य :** ----------------------------------------------

**दो वाक्य :** ------------------------ ------------------------

**मिश्रित वाक्य :**-----------------------------------------------

**III) निम्नलिखित साधारण वाक्यों को मिश्रित वाक्यों में बदलिए।**

जैसे :

साधारण वाक्य- आपकी सेवा मेरा धर्म है।

मिश्रित वाक्य- मेरा धर्म है कि मैं आपकी सेवा करूँ।

1) मरीज पहुँचते ही मैं आपको फोन करूँगा।

2) स्कूल की घंटी बजने पर सारे विद्यार्थी कक्षा में भागे।

3) शेर के जोर से दहाड़ने से सारे प्राणी भयभीत होकर छिप गए।

4) अभय ने राजू को वहाँ से निकलने का संकेत किया।

5) अधिक बुखार होने की वजह से मैं सभा में न आ सका।

6) लड़का जख्मी होने के कारण उसे अस्पताल लेके गए।

________________________________________

7) पिताजी ने बेटे के लिए खिलौना खरीदा।

________________________________________

8) लीला चाची बीमारी से दुखी थी।

________________________________________

9) नदी के पानी की जगह आज सूखी जमीन है।

________________________________________

10) आज पिंजरे का तोता शांत बैठा था।

________________________________________

## 2.2 वाक्य परिवर्तन -2

**2) मिश्रित वाक्य से सरल वाक्य बनाना।**

जैसे की हम ने पढ़ा मिश्रित वाक्य में एक प्रधान वाक्य होता है जिसमें एक उद्देश्य और एक विधेय होता है, आश्रित वाक्य में भी एक उद्देश्य और एक विधेय होता है। और सरल या साधारण वाक्य में अर्थात, साधारण वाक्य में एक ही क्रिया होती है।

एक ही क्रिया, एक उद्देश्य और एक विधेय होता है।

**मिश्रित वाक्य को सरल / साधारण वाक्य में परिवर्तित करने के लिए :**

जैसा कि हमने देखा मिश्रित वाक्य में दो वाक्य होते हैं, जिसमें एक प्रधान वाक्य और एक <u>अंग</u> वाक्य होता है।

मिश्रित वाक्य को साधारण वाक्य में बदलते समय -

- पहले मिश्रित वाक्य से 2 वाक्य बनाइए।
- फिर उनमें प्रधान वाक्य पहचानिए।
- प्रधान वाक्य में किस बारे में बताया गया है यह जानिए।
- फिर प्रधान वाक्य और अंगवाक्य को मिलाकर ऐसा वाक्य बनाओ जिसमें एक क्रिया (विधेय) और एक उद्देश्य हो।

जैसे: 1) जो टोपी मेज पर है, वह गोपी की है।

इस वाक्य में टोपी के बारे में बताया है।

इसलिए सरल वाक्य - मेज पर रखी टोपी गोपी की है।

2) जो टेलीफोन आपने उठाया है, वह बंद है।

इस वाक्य में टेलीफोन के बारे में बताया है।

इसलिए सरल.वाक्य - 'आपने' बंद टेलीफोन उठाया है।

3) जिसने गृहपाठ किया है, वे अपनी कापी मुझे दिखाए।

इस वाक्य में गृहपाठ के बारे में बताया है।

इसलिए सरल वाक्य - गृहपाठ किए हुए सब, अपनी कापी मुझे दिखाएं।

## कुछ वाक्य पढ़िए और समझिए।

| नं. | मिश्रित वाक्य | प्रधान वाक्य में | साधारण वाक्य |
|---|---|---|---|
| 1. | जो रुमाल पीला है, वह रेशमा का है। | किस बारे में बताया है? **रुमाल** के बारे में | रेशमा का रुमाल पीला है। |
| 2. | जिन बच्चों ने मस्ती की, टीचर ने उन्हें सजा दी। | किस बारे में बताया है? मस्ती करने वाले **बच्चों** के बारे में | टीचर ने मस्ती करने वाले बच्चों को सजा दी। |
| 3. | पिताजी ने कहा था कि पैसे मिलेंगे। | किस बारे में बताया है? **ङिताजी के कहने** के बारे में | पिताजी के कहने के अनुसार पैसे मिलेंगे। |
| 4. | जिसने झूठ बोला, उसे भगवान दंड़ देते हैं। | किस बारे में बताया है? **झूठ बोलने वालों** के बारे में | भगवान झूठ बोलने वाले को दंड देते हैं। |
| 5. | जो बक्सा भारी है, वह मेरा है। | किस बारे में बताया है? **बक्से** के बारे में | मेरा बक्सा भारी है। |


## गतिविधियाँ।

**I) निम्नलिखित तालिका पूरी कीजिए।**

| नं. | मिश्रित वाक्य | प्रधान वाक्य में | साधारण वाक्य |
|---|---|---|---|
| 1. | जो सबसे अच्छी है,<br>वह मेरी माँ है। | किस बारे में बताया है,<br>माँ के बारे में | |
| 2. | जैसे ही शिकारी पास आया,<br>हिरन तेजी से दौड़ा। | किस बारे में बताया है, | |
| 3. | मीना ने सुना कि कल<br>छुट्टी मिलेगी। | किस बारे में बताया है, | |
| 4. | जिसने फूलदान तोड़ा है,<br>उसे बुलाओ। | किस बारे में बताया है,<br>फूलदान तोड़ने वाले | |
| 5. | जो प्राणी जंगल में रहते हैं,<br>वे जंगली प्राणी होते हैं। | किस बारे में बताया है, | |
| 6. | मैंने सपने में जो परी देखी,<br>वह सुंदर थी। | किस बारे में बताया है,<br>परी के बारे में | |
| 7. | शेर ने सोचा कि वह<br>खरगोश को खाए। | किस बारे में बताया है, | |
| 8. | जहाँ हमारा घर था,<br>वहाँ आज पाठशाला है। | किस बारे में बताया है, | |

**II) चित्र देखकर एक साधारण वाक्य लिखिए फिर उस वाक्य को मिश्रित वाक्य में परिवर्तित करके लिखिए।**


जैसे:



साधारण वाक्य : टोपीवाले को आते हुए बंदर ने देखा।

मिश्रित वाक्य : बंदर ने देखा कि टोपीवाला आ रहा है।

1)



साधारण वाक्य : ________________________________

मिश्रित वाक्य : ________________________________





साधारण वाक्य : ______________________________

मिश्रित वाक्य : ______________________________





साधारण वाक्य : ______________________________

मिश्रित वाक्य : ______________________________



साधारण वाक्य : ______________________

मिश्रित वाक्य : ______________________



साधारण वाक्य : ______________________

मिश्रित वाक्य : ______________________

**III) निम्नलिखित मिश्रित वाक्यों को साधारण वाक्यों में बदलिए।**

जैसे : जहाँ रामबाबू रहते थे, वहाँ उनके बेटे ने बड़ा अस्पताल बनाया है।

वाक्य : रामबाबू के रहनेवाली जगह पर उनके बेटे ने बड़ा अस्पताल . बनवाया है।

1) जिसने पढाई नहीं की , उसे टीचर मारेगी।

_______________

2) तुम कल्पना नहीं कर सकते , कि ऐसा अनोखा बरगद भी होता है।

_______________

3) अगर तुम बाजार जाओ, तो फल जरुर लाना।

_______________

4) जैसे ही पिताजी सो गये, वैसे ही रामू दरवाजा खोल कर बाहर चला गया।

_______________

5) जैसे ही विज्ञापन निकला, की अर्जिया आने लगी।

_______________

6) जिसने लाल रंग की साड़ी पहनी है, उसने मुझे पुरस्कार दिया।

_______________

7) जिसे चित्रकला आती है, उसे कल यहाँ आना है।

_______________________________________________

8) जिसने रामलीला देखी है, वह अपना हाथ ऊपर करें।

_______________________________________________

9) मैं सोया ही था, कि किसीने घंटी बजायी।

_______________________________________________

10) जिस राजा ने देश के बारे में सोचा, वे बहुत अच्छे राजनितिज्ञ रहें।

_______________________________________________

11) जो विद्यार्थी पढ़ते हैं, उनको आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए।

_______________________________________________

12) जैसे ही माँ काम पर चली गई, छोटी सी बच्ची जोर-जोर से रोने लगी।

_______________________________________________

**********************

पाठ 3

## संयुक्त वाक्य

संयुक्त वाक्य में एक से ज्यादा साधारण या मिश्रित वाक्य होते हैं। संयुक्त वाक्य में साधारण/ सरल या मिश्रित वाक्य समुच्चय बोधक शब्दों से जुड़े हुए होते हैं।



जैसे : माँ पढ़ रही है। संदीप लिख रहा है।

( साधारण वाक्य ) (साधारण वाक्य)

माँ पढ़ रही है **और** संदीप लिख रहा है। = संयुक्त वाक्य

यहाँ हमने देखा माँ पढ़ रही है, संदीप लिख रहा है ये दोनो साधारण वाक्य है, जिनको हमने **"और"** इस शब्द से जोड़कर एक संयुक्त वाक्य बना दिया। संयुक्त वाक्य में दो क्रियाएं होती है।

संयुक्त वाक्य में दो साधारण या मिश्रित वाक्यों को जोड़ने के लिए **और, परंतु, ताकि, या, अथवा, नहीं तो, किंतु, इसलिए, लेकिन** इन शब्दों का प्रयोग किया जाता हैं । इन शब्दों को **समुच्चयबोधक शब्द** कहते हैं।

*** कुछ और संयुक्त वाक्य पढ़िए और समझिए।**

1) सीता आयी थी **लेकिन** उसकी बहन न आ सकी।

2) छुप जाओ, **नहीं तो** माली पकड़ेगा।

3) तुमने अच्छी पढ़ाई की **इसलिए** प्रथम आए।

4) तुम मेरे साथ चलो **या** दोस्तों से खेलो।

5) वहाँ पर गाँधीजी थे **न कि** नेहरु जी।

6) भीम लढ़ने के लिए तैयार था **परंतु** उसकी एक शर्त थी।

7) माँ ने टी.वी बंद किया **ताकि** बच्चे पढ़ सकें।

8) उषा फोन पर बात कर रही थी **और** लिख भी रही थी।

9) तुम वह किताब आज लाना **अथवा** मैं उसे कल लाऊँगा।

10) दो शरारती बच्चों का बुलाया **और** चेतावनी दी।

**गतिविधियाँ:**

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्रित और संयुक्त वाक्य पहचानिए और सही पर्याय पर गोल कीजिए।**

जैसे : मैंने पढ़ाई कर ली और मैं सो गई

मिश्रित वाक्य / संयुक्त वाक्य

1) जिसे मेले में जाना है, वह दादाजी को बता दें।

मिश्रित वाक्य / संयुक्त वाक्य

2) वह सोचने लगा कि अब मुझे ताजी सब्जियाँ मिलेंगी।

मिश्रित वाक्य / संयुक्त वाक्य

3) मुझे बुखार है इसलिए मैं स्कूल नहीं गया।

मिश्रित वाक्य / संयुक्त वाक्य

4) मैं कार्यक्रम में जरुर पहुँचता था लेकिन घर में कोई नहीं था।

मिश्रित वाक्य / संयुक्त वाक्य

5) जिसने गाय खरीदी, उसने एक भैंस भी खरीदी।

मिश्रित वाक्य / संयुक्त वाक्य

6) मुझे नयी कहानी सुननी थी, किंतु दादाजी ने पुरानी कहानी सुनायी।

मिश्रित वाक्य / संयुक्त वाक्य

7) उसने बहुत शोर मचाया परंतु इस बार सहायता के लिए कोई भी नहीं आया। मिश्रित वाक्य / संयुक्त वाक्य

# 3.1 वाक्य परिवर्तन -3

## 3.1) सरल / साधारण वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलना।

हम ने पढ़ा कि साधारण वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय होता है , जब कि संयुक्त वाक्य में दो साधारण वाक्यों को समुच्चयबोधक शब्दों ( परंतु, और, एवं, नही तो, लेकिन, ताकि, या.....) से जोड़ा जाता हैं।

**साधारण वाक्य को संयुक्त में बदलने के लिए:**

**ध्यान रखें-**

- पहले साधारण वाक्य को दो उपवाक्यों में बदलें।
- फिर इन दो वाक्यों को समुच्चयबोधक शब्द का प्रयोग करके जोड़ दें।

जैसे - अंधेरा होने पर माँ ने दीया जलाया।

इस साधारण वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलने के लिए इस वाक्य को 2 निम्नलिखित उपवाक्यों में बदलेंगे।

1) अंधेरा हुआ।

2) माँ ने दीया जलाया।

अब इन दो वाक्यों को समुच्चय बोधक शब्द "और" जोड़कर निम्नलिखित संयुक्त वाक्य बनाएंगे। अंधेरा हुआ **और** माँ ने दीया जलाया।

जैसे:

| नं. | साधारण वाक्य | उपवाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|---|---|
| 1. | कौआ मटके के ऊपर बैठकर अंदर देखने लगा। | कौआ मटके के ऊपर बैठा। वह अंदर देखने लगा। | कौआ मटके के ऊपर बैठा **और** वह अंदर देखने लगा। |
| 2. | जख्मी रवि आ न सका। | रवि जख्मी था। वह आ न सका। | रवि जख्मी था **इसलिए** वह आ न सका। |
| 3. | राम बड़ा होने के कारण उसे बैठने का हक़ है। | राम बड़ा है। उसे बैठने का हक़ है। | राम बड़ा है, **अत:** उसे बैठने का हक है। |
| 4. | मुझे भूख लगने पर मैंने खाना खा लिया। | मुझे भूख लगी थी। मैंने खाना खा लिया। | मैंने खाना खा लिया **क्योंकि** मुझे भूख लगी थी। |
| 5. | रठ्ठमा ने बहुत पढ़ाई करने पर उसे अच्छे अंक मिले। | रीमा ने बहुत पढ़ाई की। उसे अच्छे अंक मिले। | रीमा ने बहुत पढ़ाई की **इसलिए** उसे अच्छे अंक मिले। |

**गतिविधि:**

**I) निम्नलिखित तालिका पूरी कीजिए।**

| नं. | साधारण वाक्य | उपवाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|---|---|
| जैसे | खाना खाने के बाद रवि सो गया। | रवि ने खाना खाया। फिर वह सो गया। | रवि ने खाना खाया **और** वह सो गया। |
| 1. | कक्षा में जाने के बाद रोहन रोने लगा। | | |
| 2. | राम ने पैसों के लिए नौकरी की। | | |
| 3. | रीना चुप होकर सो गई। | | |
| 4. | लीना बुखार की वजह स्कूल न जा सके। | | |
| 5. | बारिश के कारण लोग खुश हुए। | | |

## 3.2) संयुक्त वाक्य को सरल/साधारण वाक्य में बदलना।

हम ने पढ़ा कि संयुक्त वाक्य में दो साधारण वाक्यों को समुच्चयबोधक शब्दों से जोड़ा जाता हैं।

संयुक्त वाक्य को साधारण वाक्य में बदलने के लिए -

- संयुक्त वाक्य के एक वाक्य की प्रधान क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया, क्रियार्थक संज्ञा में बदलकर सरल वाक्य बनाइए।

जैसेः तुम दौड़ो और उसे पकड़ो। ( दौड़ो-प्रधान क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया में बदलिए)

तुम **दौड़कर** उसे पकड़ो। ( दौड़ो- दौड़कर उसी तरह चलो-चलकर, खाओ-

खाकर, सोओ-सोकर....)

**अथवा**

- 'के कारण' जैसे शब्द का वाक्य को जोड़ने के लिए प्रयोग कीजिए।

जैसे : वह बीमार थी इसलिए आ न सकी।

वह बीमार **होने के कारण** आ न सकी।

**और कुछ वाक्य पढ़िए और समझिए।**

| नं. | संयुक्त वाक्य | आश्रित वाक्य | साधारण वाक्य |
|---|---|---|---|
| 1. | आप पलंग पर सो जाए **और** आराम करें। | आप पलंग पर **सो** जाए। आप आराम करें। | आप पलंग पर **सोकर** आराम करें। |
| 2. | रमण बहुत गरीब था, **इसलिए** वह फीस न दे सका। | रमण बहुत गरीब **था** वह फीस न दे सका। | गरीब होने **के कारण** रमण फीस न दे सका। |
| 3. | राजा बहुत बीमार था, **अत:** राजपुत्र को लढ़ाई पर जाना पड़ा। | राजा बहुत बीमार **था।** राजपुत्र को लढ़ाई पर जाना पडा। | राजा बहुत बीमार **होने के कारण** राजपुत्र को लढ़ाई पर जाना पड़ा। |
| 4. | परीक्षा खत्म हुई **और** मीना को छुट्टी मिली। | परीक्षा खत्म **हुई।** मीना को छुट्टी मिली। | परीक्षा खत्म होने **के बाद** मीना को छुट्टी मिली। |
| 5. | तुम घर में बैठो **और** पढ़ाई करो। | तुम घर में **बैठो।** तुम पढ़ाई करो। | तुम घर में **बैठकर** पढ़ाई करा। |

गतिविधियाँ:

I) निम्नलिखित तालिका पूरी कीजिए।

| नं. | संयुक्त वाक्य | आश्रित वाक्य | साधारण वाक्य |
|---|---|---|---|
| जैसे | बारिश हो रही थी इसलिए राजू दुकान के छत के नीचे खड़ा था। | बारिश हो रही थी। राजू दुकान के छत के नीचे खड़ा था। | बारिश होने के कारण राजू दुकान की छत के नीचे खड़ा था। |
| 1. | माँ सोयी थी क्योंकि वह थक गई थी। | | |
| 2. | शीला ने पढ़ाई की इसलिए वह पास हो गई। | | |
| 3. | पिताजी लेटे थे और कुछ सोच रहे थे। | | |
| 4. | बारिश अच्छी हुई, अत: किसान बहुत खुश थे। | | |
| 5. | मौसी ने नयना को पुकारा और वह चली गइ। | | |

## 3.3) संयुक्त वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलना।

हम ने सीखा कि संयुक्त वाक्य में दो साधारण वाक्यों को समुच्चयबोधक शब्दों से जोड़ा जाता हैं । संयुक्त वाक्य में दो क्रियाएं होती हैं। मिश्रित वाक्य में एक आश्रित वाक्य और एक प्रधान वाक्य होता है।

**संयुक्त वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलने के लिए -**

- संयुक्त वाक्य में दोनों वाक्य प्रधान वाक्य होते हैं।
- संयुक्त वाक्य के एक वाक्य को मुख्य वाक्य बनाकर दूसरे वाक्य को अंगवाक्य में परिवर्तित करना चाहिए ।

जैसे :

संयुक्त वाक्य : वह मकान शीशे का बना है और वहाँ दो परिवार रहते हैं ।

दो उपवाक्य : वह मकान शीशे का बना है ।
उसमें दो परिवार रहते है ।

मिश्रित वाक्य : **जो** मकान शीशे का बना है **उसमें** दो परिवार रहते हैं ।

जैसे:

| नं. | संयुक्त वाक्य | दो उप वाक्य | मिश्रित वाक्य |
|---|---|---|---|
| 1. | आप यह पाठ पढ़िए **और** समझिए। | आप यह पाठ पढ़िए। यह पाठ समझिए। | **जब** आप यह पाठ पढ़ोगे **तब** आप समझोगे। |
| 2. | वह बड़ी इमारत है **और** वह स्कूल है। | वह बड़ी इमारत है। वह स्कूल है। | **जो** बड़ी इमारत है, **वह** स्कूल है। |
| 3. | उसने बहुत मेहनत की थी **इसलिए** वह प्रथम आया। | उसने बहुत मेहनत की थी। वह प्रथम आया। | **जिसने** बहुत मेहनत की थी, **वह** प्रथम आया। |
| 4. | टीचर को ये बच्चे पसंद है **क्योंकि** वह पढ़ाई करते हैं। | टीचर को ये बच्चे पसंद हैं। वे पढ़ाई करते हैं। | **जो** बच्चे पढ़ाई करते हैं, **वे** टीचर को पसंद हैं। |
| 5. | महेश एक गरीब का लड़का था **और** वह प्रथम आया था। | महेश एक गरीब का लड़का था। वह प्रथम आया था। | महेश, **जो** एक गरीब का लड़का था प्रथम आया था। |

## गतिविधि:

### I) निम्नलिखित तालिका पूरी कीजिए।

| नं. | संयुक्त वाक्य | दो उपवाक्य | मिश्रित वाक्य |
|---|---|---|---|
| जैसे | राम चल पड़ा **क्योंकि** बारिश रुक गई थी। | बारिश रुक गई थी। राम चल पड़ा। | **जैसे ही** बारिश रुक गई, राम चल पड़ा। |
| 1. | माँ सोयी अत: बच्चे बाहर खेलने के लिए चले गये। | | |
| 2. | बारिश आयी इसलिए सब खुश थे। | | |
| 3. | टीचर ने बच्चों को पुरस्कार दिया क्योंकि उन्होंने अच्छा काम किया। | | |
| 4. | उसने चोरी की और वह पकड़ा गया। | | |
| 5. | मेरी किताब थी इसलिए मैंने ले ली। | | |

# 3.4 वाक्य परिवर्तन -6

## 3.4) मिश्रित वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलना-

हम ने पढ़ा कि मिश्रित वाक्य में एक प्रधान वाक्य और एक अंग वाक्य होता है।

संयुक्त वाक्य में दो साधारण वाक्यों को समुच्चयबोधक शब्दों से जोड़ा जाता हैं

**मिश्रित वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलने के लिए -**

- मिश्रित वाक्य में दोनो वाक्य (प्रधान वाक्य और अंग वाक्य) को अलग कीजिए।
- फिर उन वाक्यों को सही समुच्चयबोधक शब्दों से (और, किंतु, परंतु, या, इसलिए, क्योंकि, नही तो, अत: ....) जोड़कर सही संयुक्त वाक्य बनाइए।

जैसे - यदि तुमने गृहपाठ नहीं किया तो तुम्हें कक्षा में आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस मिश्रित वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित करने के लिए इस वाक्य को

निम्नलिखित प्रधान वाक्य तथा अंग वाक्य में परिवर्तित करेंगे।

जैसे- तुम गृहपाठ करके आना।

गृहपाठ न करने पर कक्षा में आने की अनुमति नहीं मिलेगी।

इन दो वाक्यों को समुच्चय बोधक शब्द 'नहीं तो' जोड़कर संयुक्त वाक्य बनाएंगे।

तुम गृहपाठ नहीं करो तो तुम्हें कक्षा में आने की अनुमति नहीं मिलेगी।

जैसे:

| नं. | मिश्रित वाक्य | प्रधान वाक्य और अंग वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|---|---|
| 1. | **जैसे ही** आप घर में प्रवेश करें, दरवाजा बंद करें। | आप घर में प्रवेश करें। दरवाजा बंद करें। | आप घर में प्रवेश करें **और** दरवाजा बंद करें। |
| 2. | **जो** सबसे बड़ा मकान है, **वह** मेरा घर है। | वह सबसे बड़ा मकान है। वह मेरा घर है। | वह सबसे बड़ा मकान है **और** वह मेरा घर है। |
| 3. | **जिसने** आपको बुलाया था, **वह** आज नहीं आए। | उसने आपको बुलाया था। वह आज नहीं आया। | उसने आपको बुलाया था **और** वह नहीं आया। |
| 4. | **जो** बच्चे पढ़ाई करते हैं **वे** टीचर को पसंद हैं। | बच्चे पढ़ाई करते हैं। टीचर को ये बच्चे पसंद है। | ये पढ़ाई करते हैं **इसलिए** टीचर को वे पसंद हैं। |
| 5. | (अगर) यदि तुम नहीं भागोगे, **तो** तुम्हें मार पड़ेगी। | तुम भाग जाओ। न भागने पर मार पड़ेगी। | तुम भाग जाओ **नहीं तो** मार पड़ेगी। |

## गतिविधियाँ।

**I) निम्नलिखित तालिका पूरी कीजिए।**

| नं. | मिश्रित वाक्य | आश्रित वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|---|---|
| जैसे | जैसे ही पिताजी दफ्तर चले गए, बच्चे खेलने लग गए। | बच्चे खेलने लग गए। पिताजी दफ्तर चले गए। | पिताजी दफ्तर चले गए और बच्चे खेलने लग गए। |
| 1. | उन बच्चों को पिताजी सर्कस लेकर जायेंगे जो पढ़ाई करेंगे। | | |
| 2. | जब अंधेरा होता है, तब आसमान में तारे दिखाई देते हैं। | | |
| 3. | गीता, जो एक छोटीसी बच्ची है कंप्युटर चलाना जानती है। | | |
| 4. | जो सच्चे देशभक्त होते हैं, वे देश के लिए अपनी जान भी दे देते हैं। | | |
| 5. | जब मुझे प्यास लगी थी तब मैंने शरबत पी लिया। | | |

**II) चित्र देखकर एक संयुक्त वाक्य तथा एक सरल ( साधारण ) वाक्य लिखिए।**




जैसे :

संयुक्त वाक्य : लड़के को भूख लगी है लेकिन खाने के डिब्बे में कुछ भी नहीं है।


साधारण वाक्य : लड़के को भूख लगी है।
खाने के डिब्बे में कुछ भी नहीं है।

1)




संयुक्त वाक्य : ____________________

साधारण वाक्य : ____________________




संयुक्त वाक्य : ____________________

साधारण वाक्य : ____________________




संयुक्त वाक्य : ____________________

साधारण वाक्य : ____________________



संयुक्त वाक्य :

साधारण वाक्य :



संयुक्त वाक्य :

साधारण वाक्य :

# पुनरावलोकन

**I) निम्नलिखित परिच्छेद में से साधारण वाक्य/मिश्रितवाक्य/संयुक्त वाक्य पहचानकर लिखिए।**

मुकेश दादाजी के साथ शाम को बगीचे में गया। वह बहुत खुश था। उसे ऐसा लग रहा था, कि वहाँ से घर ही न जाये। लेकिन दादाजी को जल्दी ही घर पहुँचना था। बगीचे में जहाँ दूसरे बच्चे खेल रहे थे, वहाँ मुकेश भी खेल रहा था। उसने सबके साथ दोस्ती कर ली। घर जाने के लिए देर हो रही थी, इसलिए दादाजी उसे बुला रहे थे। दादाजी ने बहुत बार पुकारा, परंतु मुकेश उनकी बात बिल्कुल नहीं सुन रहा था।

**साधारण वाक्य :**

______________________________
______________________________
______________________________
______________________________

**मिश्रित वाक्य :**

______________________________
______________________________
______________________________
______________________________

**संयुक्त वाक्य :**

______________________________
______________________________
______________________________
______________________________

सुरेश दादाजी के साथ बगीचे में घूमने गया था। बगीचा बहुत सुंदर था। उसका नाम 'मैत्रीबाग' था। बगीचे में अनेक प्रकार के फूल लगे हुए थे। फूलों पर मंडराती हुई रंगबिरंगी तितलियाँ उनके मन को मोहित कर रही थी। बगीचे के एक तरफ लम्बे, उँचे नारियल तथा आम और जामुन के वृक्ष थे। चारों तरफ हरियाली ही हरियाली थी। बगीचे के बीच में एक बड़ा तालाब था। उसमें कमल के फूल खिले थे और बीच में पानी का एक फौव्वारा भी था। जिससे बगीचे की सुंदरता और भी बढ़ रही थी। जहाँ तरह तरह के झूले थे, वहाँ छोटे बच्चे झूले में झूलने के लिए एक कतार में खड़े थे। उसके सामने फूलों के द्वारा भारत का नक्शा बनाया गया था।

**साधारण वाक्य :**

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

**मिश्रित वाक्य :**

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

**संयुक्त वाक्य :**

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

**II) निम्नलिखित साधारण वाक्यों को दिए हुए समुच्चयबोधक शब्दों का प्रयोग करके संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए।** (नहीं तो, लेकिन, पर, परंतु, इसलिए, ताकि)

जैसे :

साधारण वाक्य:गाँव जाने के लिये निकले थे। अब तक नहीं पहुँचे (लेकिन)

संयुक्त वाक्य : गाँव जाने के लिए निकले थे, लेकिन अब तक नहीं पहुँचे।

1) चुपचाप पढ़ाई करो, दीदी मारेगी ।(नहीं तो)

______________________________

2) पिताजी ने नये कपड़े खरीदे। राजू खुश था। (इसलिए)

______________________________

3) चाचाजी ने रवि को विलायत भेजा। वह पढ़ लिखकर बड़ा अफसर बने।(ताकि)

______________________________

4) माँ ने बहुत समझाया। राजू नहीं माना। (लेकिन)

______________________________

5) मेरे पास अपार संपत्ति है। मेरा मन सुखशांति से दूर है। (पर)

______________________________

6) दोनों भाई एक ही घर में रहते थे। अब उन दोनो में बँटवारा हो गया था। (परंतु)

______________________________

**III) निम्नलिखित संयुक्त वाक्यों को दो साधारण वाक्य में बदलिए।**
जैसे-

संयुक्त वाक्यः   साँप घर में आया और बच्चे को काटा।

साधारण वाक्य :  साँपने घर में आकर बच्चे को काटा।

1) बहुत बारीश थी इसलिए मैं स्कूल नहीं गया।

______________________________

2) राजेश बंगले में रहता है और नितेश झोपड़ी में रहता है।

______________________________

3) मोहन को दुसरों का ऋण चुकाना था, किंतु वह सफल न हो सका।

______________________________

4) मीना देर से उठी इसलिए वह स्कू ल नहीं जा सकी।

______________________________

5) मैंने इसे नौकरी दी ताकि यह नई जिंदगी शुरू कर सके।

______________________________

6) अध्यापक ने छात्र को बुलाया, लेकिन वह नहीं आया।

______________________________

7) उनके रहन-सहन का स्तर उंचा है परंतु बात ढंग से नहीं कर सकते।

______________________________


IV ) अपनी किताब में से 5 मिश्रित वाक्य, संयुक्त वाक्य, साधारण वाक्य ढूँढिए और लिखिए।

**साधारण वाक्य :**

**मिश्रित वाक्य :**

**संयुक्त वाक्य :**

**V) चित्र देखकर साधारण वाक्य बनाइए फिर उन वाक्यों को मिश्रित वाक्य में बदलकर लिखिए ।**




1) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________

2) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________

3) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________

4) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________

5) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________

6) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________

7) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________

8) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________


9) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________

10) साधारण वाक्य : ____________________

मिश्रित वाक्य : ____________________

**VI) चित्र देखकर साधारण वाक्य बनाइए। फिर उन वाक्यों को संयुक्त वाक्य में बदलकर लिखिए।**



1 ) साधारण वाक्य : ______________________

संयुक्त वाक्य : ______________________

2) साधारण वाक्य : ______________________

संयुक्त वाक्य : ______________________

3) साधारण वाक्य : ______________________

संयुक्त वाक्य : ______________________

4) साधारण वाक्य : ______________________

संयुक्त वाक्य : ______________________

5) साधारण वाक्य : ______________________

संयुक्त वाक्य : ______________________

6) साधारण वाक्य : ______________________

संयुक्त वाक्य : ______________________

7) साधारण वाक्य : ______________________

संयुक्त वाक्य : ______________________

VII) 5 साधारण वाक्य, संयुक्त वाक्य और मिश्रित वाक्य लिखिए।

साधारण वाक्य :

मिश्रित वाक्य :

संयुक्त वाक्य :


*********************


# आओ हिंदी सीखे


* रोचकता से हिंदी भाषा सिखाने के लिए आओ हिंदी सीखे पुस्तक मालिका 3 स्तरों पर उचित क्रम से (जैसे- सरलतम से कठिनतम) की गयी है।


* ये किताबें आकर्षक चित्रों से, मनोरंजक कहानियों से तथा पात्रों से परिपूर्ण हैं, जिससे बच्चा आसानी से एवम् सरलता से हिंदी भाषा सीख पाएगा।

* इसमें दी हुई गतिविधियाँ बच्चों को पढ़ाई हुई संकल्पना स्थिर और दृढ़ करने में प्रयत्न करती हैं।










**भाग-1 वर्ण संसार**

- वर्णमाला
- बारहखड़ी
- संयुक्ताक्षर

**शब्द संसार भाग -1**

- संज्ञा भाग -1
- संज्ञा भाग -2
- संज्ञा भाग -3
- संज्ञा भाग -4
- विलोम

**शब्द संसार भाग -2**

- शब्द एक अर्थ अनेक
- अर्थ एक शब्द अनेक
- विशेषण
- अनुप्रासक शब्द
- ऊनार्थक

**भाग -3**

- क्रिया
- क्रिया काल रूप
- प्रेरणार्थक क्रिया
- शब्द रूप परिवर्तन
- सर्वनाम

**वाक्य संसार**

- वाक्य-1 वाक्य के अवयव
- वाक्य-2 रचना के प्रकार
- वाक्य-3 अर्थ के प्रकार
- वाक्य-4 वाच्य के प्रकार
- वाचन और लेखन कौशल्य

* भाषिक वातावरण का निर्माण करके बच्चों में पढ़ने की इच्छा बढ़ाती है।